केवल E-Mail/Fax द्वारा

।। कार्यालय जिलाधिकारी गढ़वाल ।।

E-Mail ID dmgarhwal@gmail.com PHONE - 01368-222250 Fax 222080

संख्या 3466 /26-प्रशा0अधि0(सा0प्रशा0)/2014-15, दिनांक पौड़ी जून 26 ,2015

आदेश

उपजिलाधिकारी बा0पौड़ी ने अपने पत्र संख्या: 88/ र0का0-2015 दिनांक 11 06.2015 के द्वारा चपलोड़ी- कुल्याणी मोटर मार्ग नवनिर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम फलद्वाड़ी पट्टी बाली कण्डारस्यूँ तहसील पौड़ी के नान0जेड0ए0 खतौनी श्रेणी 10(3)4 के खाता संख्या 45 के खेत नम्बर 2582 कुल रक्वा 7.039 है0 भूमि मध्ये 5.840 है0 भूमि नॉन जेड0ए0 खतौनी के श्रेणी 10(3)4 भीटा अभिलेख दर्ज भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अपनी संस्तुति दी गयी है। प्रस्तावित भूमि पर कोई मन्दिर, मस्जिद या अन्य कोई धार्मिक स्थल,भवन आदि नहीं है। प्रस्तावित भूमि उत्तराखण्ड सरकार की केसर हिन्द भूमि है तथा कोई पेड़, मकान, पनघट आदि नहीं है व सार्वजनिक उपयोग की नहीं है। प्रस्तावित भूमि विवाद रहित है व प्रस्तावित भूमि वन अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित नहीं है।

2. शासनादेश संख्या: 2173/XVII (2)/2012-18 (120)2010 दिनांक 17.12.2012 के द्वारा विभिन्न सरकारी योजना के लिए क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 20,000 है0 सिविल भूमि को वन विभाग के पक्ष में नियमानुसार हस्तान्तरित किये जाने का प्राधिकारी जिलाधिकारी को प्रतिनिधायित किया गया है।

अतः जनपद गढ़वाल के अन्तर्गत चपलोड़ी-कुल्याणी मोटर मार्ग नवनिर्माण हेतु उपजिलाधिकारी बा0पौड़ी की आख्या एवं उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देशानुसार ग्राम फलद्वाड़ी पट्टी बाली कण्डारस्यूँ तहसील पौड़ी के नान0जेड0ए0 खतौनी श्रेणी 10(3)4 के खाता संख्या 45 के खेत नम्बर 2582 कुल रक्वा 7.039 है0 भूमि मध्ये 5.840 है0 भूमि नॉन जेड0 ए0खतौनी के श्रेणी 10(3)4 भीटा अभिलेख दर्ज भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के नाम हस्तान्तरण एवं नामान्तरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उपजिलाधिकारी /तहसीलदार बा0पौड़ी तद्नुसार अभिलेखों में अमलदरामद की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(चन्द्रशेखर भट्ट)
जिलाधिकारी,गढ़वाल।

प्रतिलिपि: **निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1- सचिव,राजस्व अनुभाग,उत्तराखण्ड शासन,देहरादून।
2- आयुक्त,गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
3- नोडल अधिकारी/प्रभागीय वनाधिकारी,गढ़वाल वन प्रभाग,पौड़ी।
4- अधिशासी अभियन्ता,पी0एम0जी0एस0वाई,सिंचाई खण्ड,श्रीनगर।
5- उपजिलाधिकारी/तहसीलदार,पौड़ी।

(चन्द्रशेखर भट्ट)
जिलाधिकारी,गढ़वाल।

Scanned by CamScanner